# वार्षिक प्रतिवेदन सत्र : 2019-2020

राजकीय महाविद्यालय, बन्जार के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महोदय, नौजवान और ऊर्जावान विधानसभा सदस्य बन्जार, श्री सुरेन्द्र शौरी का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत तथा, हार्दिक अभिनंदन करता हूँ तथा यहाँ उपस्थित शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक कर्मचारी, शिक्षक–अभिभावक संघ के सदस्य, केन्द्रीय छात्र परिषद के सदस्य, पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी दिल की गहराईयों से स्वागत करता हूँ। इस सुअवसर पर महाविद्यालय की गतिविधियों तथा उपलब्धियों से आप सभी को अवगत करवाने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। प्रकृति ने अपने प्रांगण में छटा विखेरते हुए संस्थान के एक ओर कलरव करती ध्वनि से तीर्थन नदी का प्रवाह, दूसरी ओर श्रृंगा ऋषि जी की छाँह और राष्ट्रीय स्तर पर 'ग्रेटर हिमालयन नेशनल पार्क' की विख्याति ने इसे अनेक नेमतों से भर दिया है।

महोदय, छात्र जीवन के लिए आज का वार्षिक उत्सव अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में छात्र–शक्ति ने जो सपने संजोये हैं, वो एक लम्बे अन्तराल के बाद पुरस्कारों के रूप में साकार हुये हैं। इसीलिए एक गर्म जोशी का वातावरण तैयार होता है जो पूरे महाविद्यालय को नए सत्र में और अधिक उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। सत्र 2019–20 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों व गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:

**संस्थान परिचय :**

बर्फ से आच्छादित पहाड़ियाँ, नदी की कलरव ध्वनि संस्थान के अध्ययन और अध्यापन के अनुकूल वातावरण प्रदान करती है। 19 मई 1999 में महाविद्यालय के प्रारम्भ के समय यहाँ मात्र 5 प्राध्यापक तथा 84 विद्यार्थी थे। आज विद्यार्थियों की संख्या 1017 पहुंच गई है। शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 22 प्राध्यापक तथा 09 गैर शिक्षक कर्मचारी कार्यरत हैं। 20–22 अक्तूबर 2016 में राष्ट्रीय परिषद (NAAC) द्वारा संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से महाविद्यालय ने 'बी' ग्रेड अर्जित किया है। इस शिक्षा केन्द्र में कला संकाय भवन, जिसमें विभिन्न प्रयोगशालाएँ, एक सेमिनार हॉल, परीक्षा हॉल, आई॰ टी॰ प्रयोगशाला और पुस्तकालय स्थापित किया गया है। उच्च शिक्षा की गुणवता को बनाए रखने के लिए आन्तरिक गुणवता आश्वासन सेल (IQAC) का निर्माण भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा–निर्देशों के तहत गठित किया गया है। शिक्षा के साथ–साथ खेल–कूद, राश्ट्रीय सेवा योजना (NSS) राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) थल स्कन्ध, रोवर्स–रैंज़र, विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जा रहा है।

**शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी :**

वर्तमान में महाविद्यालय में कुल 24 पदों में से 22 पद पर शिक्षक कार्यरत हैं तथा 02 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग के कुल 14 पदों में से 09 पद पर कर्मचारी नियुक्त हैं तथा 3 पद रिक्त हैं।

**आगमन :**

सह आचार्य सोम कृष्ण शर्मा (गणित विभाग), सहायक टिक्कम राम (इतिहास विभाग) महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए हैं।

गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में श्री टार्जन शर्मा (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक), श्री मान सिंह (चपड़ासी) का महाविद्यालय में आगमन हुआ।

**स्थानान्तरण :**

सहायक आचार्य राजकुमार (इतिहास) का पनारसा महाविद्यालय में स्थानान्तरण हुआ। गैर शिक्षक कर्मचारी वर्ग में श्री प्यार चन्द (वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक) राजकीय महाविद्यालय रिकांगपियो में शामिल हुए।

**नामांकन :**

सत्र 2019–20 में संस्थान के शैक्षणिक सत्र की कुल संख्या 1017 है। जिनमें 414 छात्र व 603 छात्राएं हैं।

**वार्षिक परीक्षा परिणाम :**

शैक्षणिक प्रदर्शन हेतु परीक्षा परिणाम बहुत महत्वपूर्ण संकेत होते हैं। संस्थान के नए शैक्षणिक सत्र का आरम्भ प्रशंसनीय परीक्षा परिणामों के साथ हुआ है। कई विषयों में प्राध्यापक–विद्यार्थी अनुपात अधिक होने के बावजूद सुयोग्य

प्राध्यापकों ने उत्तम परिणाम दिए हैं। इसके लिए संस्थान के समस्त प्राध्यापक वर्ग और छात्र वर्ग बधाई के पात्र हैं। परिणाम का विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र. सं०** | **संकाय एवं कक्षा** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला स्नातक प्रथम वर्ष | 226 | 136 | 60 प्रतिशत |
| 2 | कला स्नातक चतुर्थ सत्र | 247 | 178 | 72 प्रतिशत |
| 3 | कला स्नातक छठा सत्र | 261 | 120 | 46 प्रतिशत |
| 4 | वाणिज्य स्नातक प्रथम वर्ष | 33 | 17 | 51 प्रतिशत |
| 5 | वाणिज्य स्नातक चतुर्थ सत्र | 36 | 25 | 69 प्रतिशत |
| 6 | वाणिज्य स्नातक छठा सत्र | 29 | 18 | 62 प्रतिशत |
| 7 | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष | 61 | 33 | 54 प्रतिशत |
| 8 | विज्ञान स्नातक चतुर्थ सत्र | 49 | 23 | 46 प्रतिशत |
| 9 | विज्ञान स्नातक छठा सत्र | 46 | 23 | 50 प्रतिशत |

**शैक्षणिक भ्रमण :**

महाविद्यालय बन्जार की ओर से एक दिवसीय (अप्रैल 2019) शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। 50 विद्यार्थियों ने यह भ्रमण पराशर ऋषि मन्दिर (मण्डी) में किया। इसका आयोजन महाविद्यालय के सह आचार्य डॉ० रेणुका थपलियाल, डॉ० बिनता ठाकुर, सहायक प्रो० दीप कुमार, सहायक प्रो० विकास कुमार द्वारा किया गया।

**छात्रवृतियाँ :**

सत्र 2019–20 में अलग–अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृतियाँ प्रदान की गई जिसका वर्णन इस प्रकार से है :

| **क्र. सं०** | **छात्रवृति श्रेणी** | **विद्यार्थियों की संख्या** | **रकम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति (S.C) | –––' | ––– |
| 2 | अनुसूचित जनजाति (S.T) | ––– | ––– |
| 3 | कल्पना चावला छात्रवृति योजना | 14 | 2,10,000 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग (O.B.C) | –– | 10,846 |
| 5 | आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (E.B.C) | 2 | 7292 |
| 6 | एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (I.R.D.P.)) | 1 | 1200 |
| 7 | इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृति योजना | 1 | 10,000 |
| 8 | महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केन्द्रीय संस्थान छात्रवृति योजना | 3 | 30,000 |

**केन्द्रीय छात्र परिषद् :**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दिशा निर्देशानुसार 12 सितम्बर 2019 को केन्द्रीय छात्र परिशद गठित की गई। कार्यकारी समिति के लिए निम्न पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | : | कविता ठाकुर | – | विज्ञान स्नातक छठा सत्र। |
| उपाध्यक्ष | : | ममता वर्मा | – | कला स्नातक छझा सत्र। |
| सचिव | : | निशू देवी | – | वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष |
| सह सचिव | : | कुलदीप सिंह | – | विज्ञान स्नातक प्रथम वर्ष। |

केन्द्रीय छात्र परिषद् के पदाधिकारियों और सदस्यों को 24 सितम्बर 2019 को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस परिषद में चार (4) पदाधिकारी व पन्द्रह (15) सदस्य हैं। केन्द्रीय छात्र परिषद के

पदाधिकारी व सभी सदस्य संस्थान द्वारा किए जाने वाले विकास एवं छात्र हितों के लिए किए जाने योग्य कार्यों में महाविद्यालय प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

**अध्यापक–अभिभावक संघ :**

संस्थान के विभिन्न विकासात्मक कार्यों, छात्रों, अभिभावकों और महाविद्यालय प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमानुसार अध्यापक–अभिभावक संघ का गठन किया गया है। सत्र 2019–20 के लिए अध्यापक–अभिभावक संघ के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया :

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान | : | श्री जय सिंह |
| उपप्रधान | : | श्री सत्य प्रकाश चौहान |
| सचिव | : | डॉ॰ जोगिन्दर ठाकुर |
| सहसचिव | : | श्री शेर सिंह नेगी |
| मुख्य सलाहकार | : | श्री भवानी शर्मा |

**महाविद्यालय पत्रिका :**

तेज़ी से यांत्रिक होते जा रहे इस दौर में मनुष्य में, समाज के उन वर्गों के प्रति चेतना लाने हेतु, जो हाशिए पर हैं, के प्रति संवेदना व सहानुभूति जागृत करने की दृष्टि से पढ़ने–लिखने का माहौल तैयार करने के उद्देश्य से संस्थान की पत्रिका 'सिराज शिखा' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका की मुख्य सम्पादिका डॉ॰ बिनता ठाकुर हैं तथा इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र सम्पादकों का विवरण इस प्रकार से है :

| क्र. सं० | विभाग | प्राध्यापक सम्पादक | छात्र सम्पादक |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | प्रो० रिचा आहलूवालिया | स्वाति बी. ए. छठा सत्र |
| 2 | हिन्दी | डॉ० कंचन कुमारी | पिंगला देवी बी. ए. छठा सत्र |
| 3 | पहाड़ी | प्रो० रजनीश कुमार | भुवनेश्वरी बी ए द्वितीय वर्ष |
| 4 | संस्कृत | प्रो० नरेश कुमार | डिम्पल ठाकुर बी. ए. प्रथम वर्ष |
| 5 | वाणिज्य | प्रो० डाबे राम | तुलसी राम बी.कॉम. छठा सत्र |
| 6 | विज्ञान | डॉ० रमेश यादव | चन्द्रिका नेगी बी एस सी छठा सत्र |

**पुस्तकालय :**

एक अच्छी पुस्तक सर्वोतम मित्र होती है। पुस्तकालय हमें सिखाता है कि पढ़ना इसलिए आवश्यक नहीं है कि हमें किसी का विरोध करना हैं, या किसी को गलत सिद्ध करना है, बल्कि प्रत्येक बात को तोलने एवं उस पर विचार करने के लिए अध्ययन आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय के पुस्तकालय में छात्र एवं छात्राएं 5,900 पुस्तकों, 6 प्रत्रिकाओं तथा 6 समाचार पत्रों का लाभ उठा रहे हैं। राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक प्रो॰ दीप कुमार व कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक श्री ओम प्रकाश पुस्तकालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। पत्रिकाओं में 'प्रतियोगिता दर्पण', 'हिम प्रतियोगिता संसार', 'सांईस रिपोर्टर', 'कम्पीटिषन रिफरेषर', 'सफलता', शामिल है। समाचार पत्रों में 'द ट्रिब्यून', 'द इंडियन एक्सप्रेस', 'पंजाब केसरी', 'अमर उजाला', 'दिव्य हिमाचल' और 'इम्पलॉयमेन्ट न्यूज़पेपर' प्रमुख हैं।

**इंदिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय :**

महाविद्यालय में सभी वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए इंदिरा गान्धी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का केन्द्र सन् 2008 में अस्तित्व में आया। डॉ॰ जोगिन्दर सिंह ठाकुर इसके समन्वयक हैं। इसके सह–समन्वयक डॉ० रेणुका थपलियाल. डॉ० योग राज है। 2008 से कार्यरत इस अध्ययन केन्द्र में विद्यार्थियों की संख्या 9 से बढ़कर 500 हो गई है। इस समय यहाँ कला, वाणिज्य संकाय के अर्न्तगत अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, लोक प्रशासन, अर्थ शास्त्र

आदि विषयों के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पर्यटन के क्षेत्र में स्नातक और स्नाकोत्तर कार्यक्रम भी इसमें सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न विशयों में सर्टीफिकेट और डिप्लोमा भी इस कार्यक्रम के अर्न्तगत शामिल किए गए हैं।

**सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला :**

महाविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। सहायक प्रो० रजनीश कुमार इस प्रयोगशाला का संचालन कर रहे हैं। इसमें 24 कम्प्यूटर तथा प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है। अध्यापन कार्य रूचिपूर्ण बनाने एवं नई तकनीक से जोड़ने हेतु शैक्षणिक सत्र 2019–20 में तीनों संकाय की कक्षाएं समय–समय पर इस प्रयोगशाला में लगायी जाती हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम एवं ऑनलाइन परीक्षा एवं छात्रवृति फॉर्म भरने की सुविधा प्रयोगशाला में उपलब्ध करवाई गई है।

**रेड रिबन क्लब :**

1 दिसम्बर 2018 को "रेड रिबन क्लब" द्वारा 'क्षेत्रीय अस्पताल बन्जार के स्वास्थ्य शिक्षक के सहयोग से एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस क्लब के संचालक डॉ॰ डाबे राम हैं। 2019 विश्व एड्स दिवस का विषय Ending the HIV/Aids Epidemic : Community by Community रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रो० मोनिका नेगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थी सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे। 'एड्स' विषय को केन्द्रित करके भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ग से जीतने वाले प्रतिभागी को (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) नकद पुरस्कार की राशि प्रदान की गई।

**जीविकोपार्जन परामर्ष एवं प्रस्थापन प्रकोष्ठ (Career Counseling and Placement Cell) :**

- छात्रों को अपने करियर के प्रति जागरूक बनाने तथा रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करने की दृष्टि से इसी सत्र में प्राचार्य महोदय डॉ० मनदीप शर्मा की अध्यक्षता में एक प्रकोष्ठ बनाया गया है। जो छात्रों को उनके करियर के सम्बन्ध में सुझाव देने का प्रयास करता है।
- 2019–20 के सत्र में छात्रों की रूचियों को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में छः परामर्श सत्र कला, विज्ञान और वाणिज्य स्नातक के विषयों के लिए गए जिसमें छात्रों से सम्बन्धित विषय, रोजगार के क्षेत्र एवं उसमें अवसर की जानकारी दी गई।
- समय दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय में चित्तकारा विश्वविद्यालय चण्डीगढ़ के सहयोग से एक दिवसीय सम्मेलन प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसमें छइे सत्र के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिसका आयोजन डॉ० रेणुका थपलियाल द्वारा किया गया।

**महिला एवं बाल संरक्षण प्रकोष्ठ :**

महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण हेतु सत्र 2019–20 में महिला एवं बाल संरक्षण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसके संयोजक डॉ० रेणुका थपलियाल है। इस प्रकोष्ठ के अर्न्तगत 4 नवम्बर 2019 को बन्जार चिकित्सालय के सहयोग से छात्राओं को 'संतुलित आहार एवं पोषण विषय पर जानकारी दी गई।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :**

राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्‌देश्य छात्र वर्ग में सामुदायिक सेवा की भावना उत्पन्न कर उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का विकास करना है। योजना संयोजक प्रो० डाबे राम के कुशल निर्देशन में 100 स्वयंसेवियों ने सामुदायिक सेवा के कई कार्य किए हैं। सत्र 2019–20 के दौरान इन स्वयंसेवियों की सेवाओं एवं गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है –

- राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने 1 अगस्त से 15 अगस्त 2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जिसमें महाविद्यालय और आसपास के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- अगस्त माह में वृक्षारोपण किया गया।
- 02 अक्तूबर 2019 को 'Fit India' अभियान के तहत एन.सी.सी. की स्वयंसेवियों ने भाग लिया।
- 31 अक्तूबर 2019 को 'Run for Unity' अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा खड़वाली गांव तक दौड़ में

भाग लिया। दिसम्बर माह में 07 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**खेल–कूद :**

शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर ज्योति बाला के कुशल दिशा निर्देश में छात्र एवं छात्राओं ने खेल सम्बन्धी गतिविधियों में अपनी परम्परा को निरन्तर बढ़ाते हुए प्रशंसनीय उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ॰ सुनील सेन का स्थानान्तरण होने के कारण इसका कार्यभार डॉ॰ त्रिपाठी को सौंपा गया है। महाविद्यालय के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न अन्तर्महाविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसका विवरण इस प्रकार से है :

- पुरूष वर्ग ने संस्थान की ओर से अन्तर्महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में महाविद्यालय कुल्लू में 9–10 अक्तूबर 2019 को भाग लिया।
- 01 अक्तूबर 2019 को पुरूष वर्ग की टीम ने महाविद्यालय कोटशेरा शिमला में बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया।
- 26 सितम्बर 2019 को पुरूष वर्ग ने महाविद्यालय बेतान ऊना में चैस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें महाविद्यालय के छात्र तेजस्वी ठाकुर का चयन राष्ट्रीय स्तरीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ।
- महिला वर्ग की टीम ने महाविद्यालय की ओर से बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 12 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय नगरोटा बगवां में भाग लिया।
- एथलीट मीट में महाविद्यालय की ओर से पुरूष एवं महिला वर्ग ने धर्मशाला महाविद्यालय में भाग लिया।
- सितम्बर 2019 को संस्थान द्वारा क्रीड़ा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट ओंकार (बी.ए. छठा सत्र) को चुना गया।

**रोवर्स रेंजर्स :**

महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स युनिट समय समय पर कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन कर रही है। इसके संयोजक सहायक प्रो० दीप कुमार हैं।

- एन.सी.सी. और रोवर्स रेंजर्स महाविद्यालय युनिट ने स्वतन्त्रता एवं गणतन्त्र दिवस बन्जार की परेड़ में भाग लिया।
- रोवर्स रेंजर्स महाविद्यालय युनिट ने में एस०डी०एम० कार्यालय बन्जार में 22 अक्तूबर 2019 को भाग लिया।

**भूतपूर्व छात्र संघ :**

2018–19 में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में भूतपूर्व छात्र संघ का गठन सर्वसम्मति से 14 जुलाई 2018 को किया गया था। इसमें अध्यक्ष के रूप में श्री गंगे राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनिल परमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह, सचिव डॉ० बिनता ठाकुर को चुना गया। इस संघ का गठन महाविद्यालय की समस्याओं को सुलझाने हेतु एवं विकास कार्य में सहयोग हेतु किया गया। 14 सितम्बर 2019 को इस संघ द्वारा महाविद्यालय के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भूतपूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

**आपदा प्रबन्धन समिति :**

महाविद्यालय परिसर में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन समिति बनाई गई है। इसके संयोजक सह आचार्य चेत राम हैं। इस समिति द्वारा 22 अक्तूबर 2019 को महाविद्यालय में अग्नि शमन विभाग द्वारा महाविद्यालय के छात्रों को आग एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन अधिकारियों द्वारा जानकारी एस०डी०एम0 कार्यालय बन्जार में दी गई।

**हिन्दी विभाग एवं साहित्य परिषद् :**

14 सितम्बर 2019 को हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 20 फरवरी 2020 को साहित्य परिषद् के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, कविता पाठ जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 21 फरवरी 2020 को मातृ भाषा दिवस मनाया गया। प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बन्जार डॉ० मनदीप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिसमें अनेक गतिविधियों को शामिल किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्राचार्य द्वारा प्रदान किए गए।

**प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ :**

एक अध्यापक अनन्तकालीन प्रभाव डालता है, वह कभी नहीं बता सकता कि उसका प्रभाव कहाँ और कब रूकेगा? ये बात हमारे महाविद्यालय पर भी स्टीक बैठती है। इसी समर्पित भाव के कारण सभी प्राध्यापक जहाँ विद्यार्थियों के प्रति निश्ठावान है, वहीं ज्ञानार्जन एवं शोध कार्यों में भी लीन रहकर ज्ञान का प्रसार भी करते हैं। संस्थान के प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है :

- डॉ० बिनता ठाकुर ने हि० प्र० लोक प्रशासन संस्थान नवम्बर 2019 की विभागीय परीक्षा उतीर्ण की और साथ ही क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।
- डॉ० योगराज लोक प्रशासन विभाग ने एक दिवसीय 'सूचना का अधिकार' कार्यशाला में 8 नवम्बर 2019 को एस०डी०एम० कार्यालय बन्जार में भाग लिया।
- सहायक प्रो० रजनीश कुमार द्वारा हि०प्र० विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित (25फरवरी 2019 से 23 मार्च 2019) ओरिएन्टेशन कोर्स में भाग लिय।
- डॉ० कंचन कुमारी ने Paripex बहुविषयक शोध पत्रिका में 'निर्मल वर्मा के कहानी संग्रह जलती झाड़ी में आधुनिक बोध' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया और साथ ही हि०प्र० विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Orientation Programme के तहत 27 मई से 15 जून 2019 तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।
- सहायक प्रो० अतुल चौधरी एवं डॉ० सुनील कुमार भौतिक विभाग द्वारा National Level Phsics Examination का आयोजन 2019 में किया गया जिसमें महाविद्यालय के 03 विद्यार्थियों को IAPT (भारतीय भौतिक विज्ञान शिक्षक संघ) द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए।
- डॉ० सुनील शर्मा ने 'Experimental and Theoretical L-Shell Ionization Cross Section of Relativstic Heavy Atoms' नामक शोध पत्र प्रकाशित किया। साथ ही 22 जुलाई से 03 अगस्त 2019 तक शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित में Induction Programme में भाग लिया।
- डॉ० सहायक प्रो० टिकम राम द्वारा जुलाई से 03 अगस्त 2019 तक शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित Induction Programme में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।
- डॉ० सहायक प्रो० ऋचा आहलूवालिया द्वारा 15 जुलाई से 27 अगस्त 2019 तक शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित Induction Programme में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**विशेष उपलब्धियाँ :**

- कला मंच के विस्तार कार्य एवं महाविद्यालय परिसर के विकास कार्य के लिए रूसा निधि से 68 लाख 85 हजार रूपए खर्च किए जा रहे हैं जिसका कार्य शुरू कर दिया गया है।
- कॉलेज गेट के पी.टी.ए. निधि से 56180 रू० खर्च किए गए हैं।
- पुस्तकालय के फर्नीचर के लिए पी.टी.ए. निधि से 1,01775 रू० खर्च किए गए।
- स्थानीय विधायक श्री सुरेन्द्र शौरी के प्रयासों से महाविद्यालय के हर विभाग में शिक्षक उपलब्ध हैं।
- इसी वर्ष महाविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए सामान्य ज्ञान और विभिन्न प्रतियोगिताओं से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई हैं।
- महाविद्यालय कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमैंट सैल के अन्तर्गत चित्तकारा विश्वविद्यालय चण्डीगढ के सहयोग से छइे सत्र के विभिन्न संकायों के छात्रों के लिए कैरियर से सम्बन्धित एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन दिसम्बर 2019 को किया गया। इसी सत्र में महाविद्यालय के छात्रों को आर्मी व पुलिस विभाग में नियुक्ति मिली है। इसका श्रेय कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमैंट सैल को जाता है।
- 29 फरवरी 2020 को केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा रूसा निधि में महाविद्यालय के लिए 90 लाख की धन राशि

स्वीकृत की गई है और 10 लाख की धन राशि Matching Grant के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

- 20 दिसम्बर 2019 को छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए नव वर्ष के आगमन की खुशी में समारोह का आयोजन किया गया।
- 14 सितम्बर 2019 को भूतपूर्व छात्र संघ के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।
- 24 फरवरी 2019 को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के सह–निदेशक श्री अनुराग पराशर ने कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को विद्युत उर्जा के उचित उपयोग सम्बन्धी जानकारी दी जिसका आयोजन इक्को और एनर्जी क्लब द्वारा किया गया।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् व विवेकानन्द पालमपुर ट्रस्ट के सहयोग से विवेकानन्द की जयन्ती पर ज़िला व राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्रा शशि किरण ने ज़िला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करते हुए 11 हजार रूपए की नकद राशि व राज्य स्तर पर 2100 रूपए का पारितोष प्राप्त किया।
- महाविद्यालय के छात्र तेजस्वी ठाकुर का चयन राष्ट्रीय स्तरीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह चयन प्रदेश के 135 महाविद्यालय के छात्रों को पछाड़ कर हुआ है। इसमें बन्जार महाविद्यालय की टीम को पांचवा स्थ ाान हासिल किया।
- डॉ० बिनता ठाकुर व डॉ० कंचन कुमार को हि०प्र० विश्वविद्यालय के 25वीं दीक्षांत समारोह नवम्बर 2019 में पी०एच०डी० की उपाधि प्रदान की गई।
- महाविद्यालय बन्जार में पहली बार शारीरिक शिक्षा को विषय के रूप में शामिल किया गया।
- महाविद्यालय में पुस्तकालय अध्यक्ष और सहायक अध्यक्ष के पद रिक्त होते हुए भी कॉलेज प्रबंधन के प्रयासों से महाविद्यालय के कर्मचारियों को विधिवत रूप से तैनात किया गया है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूकावट न आए।

**धन्यवाद ज्ञापन :**

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय मुख्यातिथि विधानसभा सदस्य बन्जार श्री सुरेन्द्र शौरी जी का आभार प्रकट करता हूँ। जिन्होंने व्यस्ताओं के बावजूद हमारे वार्शिकोत्सव पर पधार कर हम सब का उत्साहवर्धन किया है। संस्थान के सभी प्राध्यापकों, केन्द्रीय छात्र परिषद् के पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यापक–अभिभावक संघ, गैर शिक्षक कर्मचारी और समस्त छात्र व छात्राओं का धन्यवाद करना चाहता हूँ जिन्होंने इस समारोह को सफल बनाने में सहयोग दिया है।

मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूँ, जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है और आशा करता हूँ कि भविष्य में सभी विद्यार्थी इस दिशा में प्रयासरत रहेंगे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बन्जार,
कुल्लू (175123) (हि. प्र.)

Principal
Government Degree College
Banjar, Distt. Kullu (H.P.)